मकराना पुलिस ने पकड़ी नकली शराब की फैक्ट्री, फैक्ट्री संचालक गिरफ्तार - Makrana police caught fake liquor factory

मकराना. पुलिस ने अवैध मादक पदार्थों के कारोबारियों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए नकली शराब बनाने वाली एक फैक्ट्री पकड़ी है. साथ ही फैक्ट्री के संचालक को भी गिरफ्तार किया है. पुलिस ने भारी मात्रा में स्प्रिट और नकली शराब बनाने का रसायन, पैकिंग, देशी शराब के विभिन्न ब्रांड के लेबल, भरे हुए व खाली पव्वे जब्त किए हैं. साथ ही पिकअप गाड़ी, ट्रेक्टर ट्रॉली, तीन पैकिंग मशीनें भी जब्त की है.

मकराना थानाधिकारी राजेश कुमार ने बताया कि पुलिस अधीक्षक के निर्देश के बाद क्षेत्र में संचालित अवैध गतिविधियों पर नजर रखी जा रही थी. इसी क्रम में मुखबिर की सूचना थी कि उचेरिया गांव में एक घर में नकली शराब की फैक्ट्री चल रही है. इस पर थानाधिकारी तुरंत जाप्ते के साथ उचेरिया गांव पहुंचे. वहां एक घर के बाहर एक पिकअप व ट्रैक्टर ट्रॉली खड़ी थी. घर के अंदर नकली शराब की फैक्ट्री चलाई जा रही थी.

थानाधिकारी ने बताया कि पुलिस ने कार्रवाई करते हुए 2784 नकली देशी शराब के पव्वे, 3 पैकिंग मशीनें, 1300 लीटर स्प्रिट, 22 हजार खाली बोतलें और पैकिंग का सामान, बारदाना, खाली प्लास्टिक के ड्रम और पानी के जरकन सहित अन्य सामान जब्त किया है. उन्होंने बताया कि फैक्ट्री चलाने वाले तिलोक पुत्र प्रभुराम को गिरफ्तार किया है. थानाधिकारी ने बताया कि मकराना क्षेत्र में अवैध व नकली शराब के कारोबारियों पर धरपकड़ अभियान लगातार जारी रहेगा.

Source: https://www.etvbharat.com/hi/!state/makrana-police-caught-fake-liquor-factory-operator-arrested-rjs24060805514